पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक 25.07.2014 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सुरेश कुमार शर्मा, स०वि०स० श्री वीरेन्द्र सिंह, स०वि०स० श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, स०वि०स० श्री रामायण मांझी, स०वि०स० श्री गोपाल जी ठाकुर, स०वि०स० श्री कृष्णनंदन पासवान, स०वि०स०	"मुजफ्फरपुर विकास प्राधिकरण (एम०आर०डी०ए०) में हुए घोटाले से संबंधित कई सँचिका एवं कागजात चोरी हो गयी है । चोरों ने दस्तावेजों को ट्रक में भर कर ले गये । इस घटना में पूर्व एवं वर्तमान अधिकारी सम्मिलित है । नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर का आवास उसी प्रांगण में स्थित है । इतने बड़े अधिकारी के आवास होने के बावजूद भी चोरी की घटना होना संदेह का विषय है । अत: एम०आर०डी०ए० में हुए चोरी की घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी एवं पूर्व में हुए घोटाले की त्वरित जांच के संबंध में हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	नगर विकास एवं आवास

1	2	3	4
2.	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स० श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अम्बिका सिंह, स०वि०स०	"महान् स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व० अम्बिका शरण सिंह को सम्मान देने के उद्देश्य से तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा आरा के वीर कुंवर सिंह मैदान के बगल में मूर्ति लगाने हेतु दिनांक-06.07.1996 को शिलान्यास किया गया परंतु 16 वर्ष बीत जाने के बावजूद आजतक मूर्ति शिलान्यास स्थल पर स्थापित नहीं की गयी है । अतएव स्व० अम्बिका शरण सिंह की मूर्ति शिलान्यास स्थल पर स्थापित करने हेतु हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते है ।"	मंत्रिमंडल सचिवालय

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/14- 1110 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2014 ई० ।

प्रति:-बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24.7.14
(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-28/14- 1110 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 जुलाई, 2014 ई० ।

प्रति:-अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

24.7.14
(नियाज अहमद)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।